राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर (राज.) ☎0141–2722520

क्रमांक:प.14(44)RSMSSB/अर्थना/लिपिक ग्रेड–II/2018/1656 दिनांक: 28/1/2020

–:: विज्ञप्ति ::–

लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 में दिव्यांग अभ्यर्थियों की नवीन चतुर्थ श्रेणी के अनुसार प्रार्थना पत्र आमंत्रित करने बाबत

बोर्ड द्वारा लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 में संबंधित विभागों से प्राप्त अर्थनाओं के अनुसार विज्ञप्त पदों के अनुरूप दिव्यांगजन को दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया गया है। इन विभागों से दिव्यांगजन के संबंध में 4 प्रतिशत आरक्षण सहित संशोधित अर्थनाओं के अनुरूप दिव्यांगजन उपलब्ध होने पर इनका दस्तावेज सत्यापन कराए जाने हेतु अलग से नवीन चतुर्थ श्रेणी के अनुसार सूचीबद्ध किया जाएगा। इस हेतु पूर्व में जिन दिव्यांगजन ने उक्त भर्ती परीक्षा में आवेदन किया किया है, उनमें से दिव्यांगजन की नवीन चतुर्थ श्रेणी में चयन हेतु बोर्ड द्वारा प्रार्थना पत्र आमंत्रित किए जाने हैं।

अतः लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 में पूर्व में आवेदन कर चुके **दिव्यांग अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है** कि यदि वे कार्मिक(क–2) विभाग द्वारा दिनांक 29.08.2019 को जारी परिपत्र कमांक पं. 7(2)कार्मिक/क–2/2019 में परिभाषित नवीन चतुर्थ श्रेणी 1. ऑटिज्म, बौद्धिक निःशक्तता, लर्निंग निःशक्तता एवं मानसिक रूग्णता तथा 2. बहुविकलांगता, उपर्युक्त परिपत्र की बिन्दु संख्या 10 में ग्रुप–अ से द तक में वर्णित निःशक्तता एवं श्रवण शक्ति का ह्रास एवं दृष्टि बाधित सहित, में आते हैं तो दिनांक 30.01.2020 से दिनांक 07.02.2020 तक प्रार्थना पत्र मय प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि बोर्ड कार्यालय, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर (राज.) में जमा करा दें। उक्त अवधि में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर इन अभ्यर्थियों का कनिष्ठ सहायक/लिपिक ग्रेड–II के पद पर चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। इसके बाद इन्हें कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। विस्तृत सूचना के लिए कृपया बोर्ड की वेबसाईट **http://www.rsmssb.rajasthan.gov.in** आवश्यक रूप से देखें।

(डॉ. मुकुट बी. जांगिड़)
सचिव